Simla Chandigarh Diocese
Bishop's House, P.O. Box No: 709, Sector 19-A Chandigarh - 160 019, INDIA.

† Ignatius L. Mascarenhas
Bishop of Simla-Chandigarh

TEL: 0172-2775777, 2773777
FAX: 0172-2781630
EMAIL: bpignatius@gmail.com

शिमला चण्डीगढ़ धर्मप्रान्त के सभी पुरोहितों, धर्मबहनों तथा सभी लोक धर्मी के नाम, धर्माध्यक्ष का संदेश।

ख्रीस्त में प्यारे भाइयों और बहनों,
आप सभी को जै येसु की।

हम सभी इस बात से अवगत हैं कि, केरल एक बार फिर प्राकृतिक आपदा का सामना कर रहा है, और विशेष रुप से, मनंथवाडी और कालीकट धर्मप्रान्त का, वायनाड जिला, जहाँ आधी रात में, जब लोग सोये हुए थे, अचानक बादल फट गया। इस क़ुदरती आपदा में, कई लोगों की जान चली गई है और सैकड़ों लोग अभी भी लापता हैं। बचाव दस्ते के लोग मलबा हटाने और कीचड़ से दबी लाशों को निकालने के लिए रात-दिन कार्य कर रहे हैं।

केरल के अलावा, हमारे अपने धर्मप्रान्त के हिमाचल प्रदेश में: शिमला में रामपुर, कुल्लू में निरमंड, मंडी में चौहार घाटी, रामपुर के झाकरी क्षेत्र के पास समेज खुड, ये कुदरती त्रासदी से सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र हैं। बहुत लोग प्रभावित और पीड़ित हैं तथा बचाव दल, लोगों को इलाकों से निकालने के लिए अभियान चला रहे हैं।

उत्तराखंड भी इसी आपदा से प्रभावित है। विशेष रूप से जखन्याली, भीमबली, रामबाड़ा, टिहरी के लिनचोली और बिजनौर धर्मप्रान्त का रुद्रप्रयाग जिला, जहाँ केदारनाथ यात्रा मार्ग के सैकड़ों तीर्थयात्री इसी तरह की आपदा के शिकार हुए हैं। बहुत सारे लोगों की जान चली गई है और बहुत सारे लोग अभी भी लापता हैं। बचाव दल दिन-रात राहत कार्य में जुड़े हुए हैं।

उपर्युक्त क्षेत्रों में इन सभी लोगों को हमारे आर्थिक तथा आध्यात्मिक मदद की आवश्यकता है। इसलिए, मैं सभी पल्लियों, संस्थाओं और आप सभी विश्वासी समुदाय से आग्रह करता हूँ कि, केरल के वायनाड, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के सभी प्रभावित हमारे भाई बहनों की मदद के लिए, आप उदारतापूर्वक अपना योगदान दें। हमारे देश के विभिन्न हिस्सों में, इस प्राकृतिक आपदा से पीड़ितों और प्रभावित लोगों के लिए, नीचे दिया गया प्रार्थना, हम सभी मिल कर करेंगे।

समय पर दी गयी हमारी सहायता, इस आपदा से प्रभावितों भाई बहनों के जरूरतों को पूरा करने, और उनके पीड़ा को कम करने में मददगार होगी। इसलिए कैथोलिक कलीसिया के धर्माध्यक्षों ने, इस राष्ट्रीय आपदा के प्रति एकजुटता और योगदान की अपील की है।

मैं सभी पुरोहितों, धर्म बहनों तथा सभी नेक दिल लोगों से अपील करता हूँ, कि आप इस मानवीय कार्य के योगदान के लिए, लोगों को प्रोत्साहित करें, जिसके द्वारा हम सभी अपना सहयोग तथा साथ व्यक्त कर सकें।

धर्मप्रान्त और संस्थाओं से इस पुण्य कार्य के लिए, जुटाई गई धनराशि, संबंधित लोगों को भेजी जाएगी। इसलिए, आप अपना योगदान 15 अगस्त 2024 से पहले धर्मप्रान्त में भेजनें की कृपा करें।

प्रार्थना
हे पिता ईश्वर, तू ही हमारी शरण और गढ़ है। तू ही हमारा सृष्टिकर्त्ता और पालनहारा है।
जो लोग तूफान तथा बाढ़ से तबाह हुए हैं, उनको हम आपकी महती दया में समर्पित करते हैं।
हे दयालु ईश्वर, तेरी दया हमारी ढाल बने। तू हमारे जीवन और संपत्ति की रक्षा कर।
पीड़ित क्षेत्रों को अपनी सांत्वना प्रदान कर। टूटे दिलों को सांत्वना दे, और उन्हें अपने साहस में सुदृढ़ कर।
वे तुझमें ही अपनी सहायता प्राप्त करें।
हम यह प्रार्थना करते हैं, अपने मुक्तिदाता प्रभु येसु मसीह के नाम पर, आमीन।

+ Ignatius L. Mascarenhas
Bishop of Simla-Chandigarh